# Central Coalfields Limited

*A Miniratna Company*

## Press Clippings

# CCL organises Cyber Crime awareness workshop

PC JHA



RANCHI: A workshop on "Cyber Crime Awareness" was organized on September 7 at Convention Centre, CCL Headquarters, Ranchi.

The workshop was inaugurated by Harsh Nath Mishra, Director (Personnel), CCL, Chief Vigilance Officer, S K Sinha along with SP (ITS), Ranchi Karthik S and State Bank of India Manager Purushottam Jha by lightening the lamp.

Addressing the workshop, CMD,CCL PM Prasad said that cybercrime is one of the most relevant issues in the contemporary world and everyone should be vigilant about cybercrime.

He shared his personal experiences on the topic and encouraged people to use technology in a constructive way and report any crime or fraudulent activities to the authorities.

Welcoming everyone, Director (Personnel) Harsh Nath Mishra said that we should seriously follow the instructions and instructions given by the cyber experts present in this workshop. Chief Vigilance Officer SK Sinha said that we must be aware about the various aspects of cybercrime for our safety.

Guest of honour, The SP (ITS), Ranchi, Karthik S addressed the gathering and stressed on the various aspects of cybercrime and the preventive measures that persons should take to avoid becoming a victim of cyber fraud. He shared his experiences with the people.

Manager, State Bank of India Purushottam Jha briefed the people about various facets of online banking, UPI. He further stressed on the importance of opening the links received on emails and messages carefully.

In the workshop it was also mentioned that if someone becomes a victim of any cybercrime, they can immediately complain about it by calling 1930 or on cybercrime.gov.in portal.

General Managers/ HoDs of various departments and a lathe number of employees attended the workshop. General Manager (Systems) Vinay Shankar Maharaj welcomed all the guests who came to the workshop. Manager (Systems) Sundar Mohan Hansda and Gaurav Singh also made a powerpoint presentation. The vote of thanks was proposed by Vinay Shankar Maharaj, General Manager (Systems). GM Systems along with his team played a major role in the successful organization of the workshop.

**Morning India, Ranchi**

08-09–2022

# Central Coalfields Limited

*A Miniratna Company*

# Press Clippings

## Workshop on Cyber Crime Awareness organized at CCL




RANCHI: A workshop on "Cyber Crime Awareness" was organized on Wednesday at Convention Centre, CCL Headquarters, Ranchi. The workshop was inaugurated by Harsh Nath Mishra, Director (Personnel), CCL, Chief Vigilance Officer, S. K Sinha along with SP (ITS), Ranchi Karthik S and State Bank of India Manager Purushottam Jha by lighting the lamp. Addressing the workshop, CMD,CCL PM Prasad said that cybercrime is one of the most relevant issues in the contemporary world and everyone should be vigilant about cybercrime.He shared his personal experiences on the topic and encouraged people to use technology in a constructive way and report any crime or fraudulent activities to the authorities. Welcoming everyone, Director (Personnel) Harsh Nath Mishra said that we should seriously follow the instructions given by the cyber experts present in this workshop. Chief Vigilance Officer S.K Sinha said that we must be aware about the various aspects of cybercrime for our safety. Guest of honour, Karthik S addressed the gathering and stressed on the various aspects of cybercrime and the preventive measures that persons should take to avoid becoming a victim of cyber fraud.He shared his experiences with the people. Manager, State Bank Of India Purushottam Jha briefed the people about various facets of online banking, UPI etc. He further stressed on the importance of opening the links received on emails, and messages carefully. In the workshop it was also mentioned that if someone becomes a victim of any cybercrime, they can immediately complain about it by calling 1930 or on cybercrime.gov.in portal.

**Pioneer, Ranchi**
08-09–2022

## साइबर अपराध से रहें सतर्क: सीएमडी

**कार्यशाला**



सीसीएल में बुधवार को साइबर अपराध जागरुकता कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथि।

रांची, वरीय संवाददाता। सीसीएल में साइबर अपराध जागरुकता विषय पर बुधवार को कार्यशाला हुई। इसका शुभारंभ सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रणाली) विनय शंकर महाराज सहित एसपी (आईटीएस) एस कार्तिक व एसबीआई के प्रबंधक पुरुषोत्तम झा ने किया।

सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि सभी को साइबर अपराध के बारे में सतर्क रहने की जरूरत है। कहा कि सीसीएल के उच्च प्रबंधन का गलत तरीके से उपयोग कर साइबर अपराध करने का भी प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा, तकनीक का सही रूप से उपयोग करें और कोई घटना होने पर संबंधित संस्था को सूचित करें।

वहीं, हर्षनाथ ने कहा कि साइबर विशेषज्ञों की बातों का गंभीरता से पालन करना चाहिए। एस कार्तिक ने साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने के तरीके बताए। पुरुषोत्तम झा ने बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर इसकी शिकायत 1930 पर कॉल करके या cybercrime. gov. in पोर्टल पर कर सकते हैं। एसके सिन्हा ने कहा कि हमें क्या करना चाहिए एवं क्या नहीं, इसके बारे में जानकारी रखनी चाहिए। महाप्रबंधक विनय शंकर महाराज, सुंदर मोहन हांसदा व गौरव सिंह मौजूद थे।

**Hindustan, Ranchi**
08-09–2022

# Central Coalfields Limited

*A Miniratna Company*

## Press Clippings

*Rashtriya Sagar, Ranchi*
08-09-2022

# साइबर क्राइम से बचने के लिए सतर्कता जरूरी : पीएम प्रसाद

### सीसीएल में साइबर अपराध जागरुकता विषय पर कार्यशाला आयोजित

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

रांची : साइबर क्राइम से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। इसलिए अत्याधुनिक तकनीक का सही तरीके से उपयोग करें और कोई घटना होने पर संबंधित विभाग या संस्था को सूचित करें। ये बातें बुधवार को सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने कही। वे सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन हॉल में साइबर क्राइम जागरुकता विषय पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। प्रसाद ने कहा कि साइबर क्राइम के प्रति जागरुकता समय की मांग है। कार्यशाला में निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस कार्यशाला में उपस्थित साइबर विशेषज्ञों की बातों और जरूरी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करना चाहिए। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आईपीएस अधिकारी एस. कार्तिक ने उपस्थित लोगों के बीच अपने बहुमूल्य अनुभवों को साझा किया और साइबर अपराध के प्रति जागरुक और सतर्क रहने के कई तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। एसबीआई के मैनेजर पुरूषोत्तम झा ने ऑनलाइन बैंकिंग एप, यूपीआई और अन्य ट्रांजेक्शन से संबंधित कई जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि यदि आपके मोबाईल में अनजाने मैसेज, ईमेल या लिंक आते हैं तो उसे बहुत सावधानीपूर्वक उसकी प्रमाणिकता के बारे में जानकर ही आगे बढ़ें और अपने विवेक का प्रयोग करें। इस कार्यशाला में लोगों को अपने मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया एकाउंट, बैंक एकाउंट आदि को विशेष रूप से सुरक्षित रखने का सुझाव दिये गए। यह भी बताया गया कि यदि आप किसी साइबर अपराध के शिकार हो जाते हैं तो तुरंत इसकी शिकायत 1930 में कॉल करके या cybercrime.gov.in पोर्टल पर कर सकते हैं।

# बिना जरूरत मेल और फोन नंबर नहीं दें

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि हम सबको साइबर अपराध को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है. सीसीएल के उच्च प्रबंधन का गलत तरीके से उपयोग कर साइबर अपराध करने की भी कोशिश की जा चुकी है. अत्याधुनिक तकनीकों का सही तरीका से उपयोग करना चाहिए. कोई घटना होने पर विभाग को सूचित करें. वह बुधवार को साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे. वहीं **विशेषज्ञ वक्ता एसपी सीआइडी कार्तिक एस** ने कहा कि हम खुद गलती कर साइबर फ्रॉड के शिकार होते हैं. कई स्थानों पर जरूरत नहीं होने पर भी ई-मेल आइडी और



□ साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में 1930 में कॉल कर या cyber-crime.gov.in पोर्टल पर शिकायत कर सकते हैं.

फोन नंबर साझा कर देते हैं. यह संभावित खतरे को बुलावा है. कई दुकान और प्रतिष्ठान भी बिना काम के फोन नंबर और मेल आइडी ले लेते हैं. उन्होंने कहा कि साइबर स्पेस उपलब्ध करानेवाली संस्थाओं के पास हमलोगों का पूरा डाटा रहता है. कई बार उनकी गलतियों का शिकार भी हम हो जाते हैं. निदेशक कार्मिक एचएन मिश्र ने कहा कि साइबर सुरक्षा से बचने की गाइडलाइन का हर हाल में पालन करना चाहिए. एसबीआइ के प्रबंधक पुरुषोत्तम झा ने कहा कि तकनीक का उपयोग सावधानी से करें. कंपनी के सीवीओ एसके सिन्हा ने भी विचार रखे. सीसीएल के जीएम (सिस्टम) विनय शंकर महाराज ने बताया कि देश में करीब 60 करोड़ नेट यूजर हैं. कोरोना और नोटबंदी के बाद तकनीकी क्षेत्र में कई बदलाव आये हैं. साइबर तकनीकी का उपयोग करनेवाले बढ़े हैं. इससे तकनीकी परेशानी भी बढ़ी है.

*Prabhat Khabar, Ranchi*
08-09-2022


# Central Coalfields Limited

*A Miniratna Company*

## Press Clippings

# साइबर अपराध के बारे में सचेत रहने की आवश्यकता : पीएम प्रसाद

## सीसीएल में साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन




रांची। सीसीएल मुख्यालय, रांची के कन्वेंशन सेंटर में ''साइबर क्राइम जागरूकता''विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाल का शुभारंभ सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रणाली) विनय शंकर महाराज सहित एसपी,आईटीएस, रांची एस. कार्तिक एवं भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक पुरूषोत्तम झा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमडी पीएम. प्रसाद ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हम सब को साइबर अपराध के बारे में सतर्क रहने की आवश्यकता है। श्री प्रसाद ने अपना व्यक्तिगत अनुभवों को भी लोगों के बीच साझा किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल के उच्च प्रबंधन का गलत तरीके से उपयोग कर साइबर अपराध करने का भी प्रयास किया गया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अत्याधुनिक तकनीकों का सही तरीका से उपयोग करें और कोई घटना होने पर संबंधित विभाग या संस्था को सूचित करें। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस कार्यशाला में उपस्थित साइबर विशेषज्ञों की बातों एवं जरूरी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करना चाहिए। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित झारखण्ड के आईपीएस अधिकारी, एस. कार्तिक ने उपरोक्त कार्यशाला में उपस्थित लोगों के बीच अपने बहुमूल्य अनुभवों को साझा किया और साइबर अपराध के प्रति जागरूक और सतर्क रहने के कई तरीके को विस्तार से बताया। भारतीय स्टेट बैंकके प्रबंधक पुरूषोत्तम झा ने ऑनलाइन बैंकिंग एप, यूपीआई एवं अन्यर ट्रांजेक्शन से संबंधित कई जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि यदि आपके मोबाईल में अनजाने मैसेज, ईमेल या लिंक आते हैं तो उसे बहुत सावधानीपूर्वक उसके प्रमाणिकता के बारे में जानकर ही आगे बढ़ें और अपने विवेक का भलिभांति प्रयोग करें। इस कार्यशाला में लोगों को अपने मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया एकाउंट, बैंक एकाडंट आदि को विशेष रूप से सुरक्षित रखने का सुझाव दिये गए। यह भी बताया गया कि यदि आप किसी साइबर अपराध के शिकार हो जाते हैं तो तुरंत इसकी शिकायत 1930 में कॉल करके या बलइमतबतपउमण्हवअण्पद पोर्टल पर कर सकते हैं। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके. सिन्हा ने कहा कि हमें 'क्या करना चाहिए' एवं 'क्या नहीं करना चाहिए', इसके बारे में जरूर जानकारी रखनी चाहिए। महाप्रबंधक (प्रणाली) विनय शंकर महाराज ने कार्यशाला में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यशाला में सीसीएल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्रबंधक (प्रणाली) सुन्दर मोहन हांसदा एवं गौरव सिंह ने एक पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन भी प्रस्तुरत किया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (प्रणाली) विनय शंकर महाराज ने किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रणाली विभाग एवं दूरसंचार विभाग की टीम की मुख्य भूमिका रही।

**Aaj, Ranchi**
08-09–2022

# Central Coalfields Limited

*A Miniratna Company*


## Press Clippings


# सीसीएल में साइबर अपराध जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची: सीसीएल मुख्यालय, रांची के कन्वेंशन सेंटर में साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाल का शुभारंभ सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रणाली) विनय शंकर महाराज सहित एसपी (आईटीएस), राँची एस. कार्तिक एवं भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक पुरूषोत्तम झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हम सब को साइबर अपराध के बारे में सतर्क रहने की आवश्यकता है।

श्री प्रसाद ने अपना व्यक्तिगत अनुभवों को भी लोगों के बीच साझा किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल के उच्च



कार्यशाला का शुभारंभ करते सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ। प्रत्यूष नवबिहार

प्रबंधन का गलत तरीके से उपयोग कर साइबर अपराध करने का भी प्रयास किया गया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अत्याधुनिक तकनीकों का सही तरीका से उपयोग करें और कोई घटना होने पर संबंधित विभाग या संस्था को सूचित करें।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस कार्यशाला में उपस्थित साइबर विशेषज्ञों की बातों एवं जरूरी दिशा-निदेशों का गंभीरता से पालन करना चाहिए। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड के आईपीएस अधिकारी, श्री एस. कार्तिक ने उपरोक्त कार्यशाला में उपस्थित लोगों के बीच अपने बहुमूल?य अनुभवों को साझा किया और साइबर अपराध के प्रति जागरूक और सतर्क रहने के कई तरीके को विस्तार से बताया। भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक पुरूषोत्तम झा ने ऑनलाइन बैंकिंग एप, यूपीआई एवं अन्य ट्रांजेक्शन से संबंधित कई जानकारियाँ दी। उन्होंने कहा कि यदि आपके मोबाईल में अनजाने मैसेज, ईमेल या लिंक आते हैं तो उसे बहुत सावधानीपूर्वक उसके प्रमाणिकता के बारे में जानकर ही आगे बढ़ें और अपने विवेक का भलिभांति प्रयोग करें। इस कार्यशाला में लोगों को अपने मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया एकाउंट, बैंक एकाउंट आदि को विशेष रूप से सुरक्षित रखने का सुझाव दिये गए। यह भी बताया गया कि यदि आप किसी साइबर अपराध के शिकार हो जाते हैं तो तुरंत इसकी शिकायत 1930 में कॉल करके पोर्टल पर कर सकते हैं। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके सिन्हा ने कहा कि हमें क्या करना चाहिए एवं क्या नहीं करना चाहिए, इसके बारे में जरूर जानकारी रखनी चाहिए।

महाप्रबंधक (प्रणाली) श्री विनय शंकर महाराज ने कार्यशाला में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यशाला में सीसीएल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्रबंधक (प्रणाली) श्री सुन्दर मोहन हांसदा एवं गौरव सिंह ने एक पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (प्रणाली) श्री विनय शंकर महाराज ने किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रणाली विभाग एवं दूरसंचार विभाग की टीम की मुख?य भूमिका रही।

**Pratyush Navvihar, Ranchi**
08-09–2022